हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 8 दिसंबर 2025

06 बैंक ने शाखा प्रबंधकों को ऋण वसूली अभियान...




08 800 मीटर दौड़ में दीपक प्रथम, दूसरे पर तन्मय...





## खबर संक्षेप

### प्रदेश फुटबॉल टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे संतोष



**पचमढ़ी।** मध्यप्रदेश फुटबॉल टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे संतोष यादव आगामी 8 दिसम्बर से 15 दिसम्बर तक गोवा में आयोजित होने वाली अखिल भारतीय सिविल सर्विसेज फुटबॉल प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश फुटबॉल टीम का प्रतिनिधित्व करने के लिए पचमढ़ी के सी एम राइज विद्यालय के खेल शिक्षक संतोष यादव का चयन किया गया है। संतोष यादव की इस उपलब्धि पर छात्रों ,विद्यालय परिवार , मित्रों,परिवार जनों, खिलाड़ियों, खेल संघों,एवम्‌ नागरिकों द्वारा हर्ष व्यक्त कर बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की जा रही हैं।

### मानसिक स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

**नर्मदापुरम।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन भोपाल एवं जेल मुख्यालय म.प्र. भोपाल के आदेश के अनुपालन में प्रतिमाह के प्रथम सप्ताह में एक दिवसीय मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाना है जिसमे अनुक्रम में 06 दिसम्बर को केन्द्रीय जेल नर्मदापुरम के खण्ड-अ में निरूद्ध बंदियो हेतु जिला चिकित्सालय नर्मदापुरम मन कक्ष द्वारा एक दिवसीय मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित शिविर में जिला चिकित्सालय नर्मदापुरम मन कक्ष से नाजिया सिद्धिकी (क्लीनिकल सॉयक्लोजिस्ट), निधि पटवा नर्सिंग ऑफिसर द्वारा परिरुद्ध 49 पुरुष बंदी एवं 16 महिला बंदी कुल 63 बंदियो की स्क्रीनिंग कर परामर्श दिया गया। आयोजित शिविर के दौरान प्रहलाद सिंह बरकडे उप अधीक्षक हितेश चंडिया अष्टकोण अधिकारी, डॉ. विपिन अहिरवार जेल चिकित्सक, इंदुराज साहू आदि शामिल हुए।

### नप की फूटी पेयजल पाइप लाइन से बने फव्वारे, बर्बाद हो रहा पानी

# सोहागपुर की नर्मदा जल वितरण लाइन में भी कई जगह बने फव्वारों के हालात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

शहर में नगर परिषद की पेयजल वितरण की दशकों पुरानी पाइप लाइन भूमिगत है। बहुत पुरानी हो चुकी लाइन में रिसाव बनने लगे हैं। तथा जगह-जगह लाइन फूटने से बने फव्वारों से जनता परेशान है।

नागरिकों के अनुसार इस तरह कीमती जल की बर्बादी हो रही है। समूचे शहर में नगर परिषद की भूमिगत पेयजल पाइपलाइन है। यद्यपि कुछ वार्डों में नगर परिषद की भूमिगत पाइप लाइन से पेयजल वितरण बंद हो चुका है। लेकिन अभी भी कहीं कहीं वितरण हो रहा है। और वहां पाइप लाइन फूटने से पान बर्बाद हो रहा है।

दशकों पुरानी पाइप लाइन भूमिगत है। बहुत पुरानी हो चुकी लाइन में रिसाव बनने लगे हैं। जिससे जनता परेशान हो रही है।



#### नागरिकों ने की सुधार की मांग

नपा द्वारा जहां पाइपलाइन फूटी हुई है, वहां लाइन सड़क क्रॉस कर बिछाई गई थी। नागरिकों के अनुसार रोजाना इस तरह की स्थिति के चलते हजारों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है। अतः आवश्यकता है कि नगर परिषद और ध्यान दे तथा सुधार करे।


#### नर्मदा जल वितरण लाइन भी खराब



नागरिकों के अनुसार सोहागपुर नगर परिषद की पुरानी पाइप लाइन की ही तरह की स्थिति नर्मदा जल वितरण लाइन के साथ भी बनी हुई है। यह लाइन भी जहां-जहां रोड क्रॉस कर फैलाई गई है, वहां लीकेज बन गए हैं। इससे ना सिर्फ पानी की बर्बादी होती है, बल्कि आते-जाते लोगों के ऊपर पानी की बौछारें पड़ती हैं तथा नागरिक रोजाना परेशान होते हैं। नागरिकों ने सोहागपुर नगर परिषद के अधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों से अपेक्षा की है कि पानी की बर्बादी पर रोक के प्रयास करें।

## आलसी भालुओं का संसार सोशल मीडिया पर है चर्चित

### भालू को किया कैमरे में किया कैद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पचमढ़ी

अगर भारत में कहीं है जहाँ पर्यटक बड़ी संख्या में आलसी भालुओं को उनके प्राकृतिक आवास में घूमते हुए देख सकते हैं, तो वह मध्य प्रदेश का सतपुड़ा टाइगर रिजर्व है। मीडिया हैंडल द्वारा हाल ही में साझा की गई एक मनमोहक तस्वीर और जानकारी ने एक बार फिर इस तथ्य को रेखांकित किया है कि सतपुड़ा का अछूता जंगल इन शर्मीले, शक्तिशाली, और बेहद आकर्षक प्राणियों का गढ़ है। एक दुर्लभ और मनमोहक दृश्य सोशल मीडिया पर वायरल हो रही इस तस्वीर में एक वयस्क आलसी भालू सफारी मार्ग पर आत्मविश्वास से चलता हुआ दिखाई दे रहा है, जिसके पीछे जिप्सी वाहनों की कतार खड़ी है। यह दृश्य न केवल वन्यजीव प्रेमियों के लिए रोमांचक है, बल्कि यह सतपुड़ा के सफल संरक्षण प्रयासों की भी कहानी कहता है।

टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने जानकारी दी है कि यहाँ के वन में ये भालू परिदृश्य में मुक्त रूप से घूमते हैं, जो इस क्षेत्र की समृद्ध जैव विविधता और उनके लिए अनुकूल शांत वातावरण का प्रमाण है। इस तस्वीर और जुड़े वीडियो को सतपुड़ा टाइगर रिजर्व ने अपने सोशल मीडिया हैंडल से शेयर किया है।

## कांग्रेस द्वारा एसआईआर कार्य में किया जा रहा सहयोग, प्रशासन ने किया सूची का वाचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम



नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा एसआईआर कार्यक्रम के तहत लगातार शहर के विभिन्न क्षेत्रों में मतदाताओं को सहयोग किया जा रहा है इसी कड़ी में पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष अजय सैनी ने कांग्रेस के साथियों सहित बाजार क्षेत्र में नो मेपिंग वाले मतदाताओं की जानकारी जुटा कर सहयोग किया जा रहा है।

जिला प्रशासन द्वारा मध्यप्रदेश में मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण का कार्य किया जा रहा है। इस कार्य में गणना पत्रक के डिसटाईजेसन के उपरांत जो मतदाता सर्च नहीं हो रहें हैं या स्थानांतरित हो गये हैं उनकी जानकारी प्राप्त करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में होशंगाबाद विधानसभा 137 अंतर्गत ग्राम पंचायत बुधवाडा के मतदान केन्द्रं क्रमांक 24 बुधवाडा एवं मतदान केन्द्र क्रमांक 25 आगरा कला का निरीक्षण किया में एसआईआर के कार्य में जो नाम शेष बचे हैं एवं जो सर्च नहीं हो पा रहे हैं उन नामों की सूची का वाचन मतदान केन्द्र पर किया गया।

## समेरिटंस स्कूल इटारसी के विधार्थियों ने देखा आंचलिक विज्ञान केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम



समेरिटन्स स्कूल इटारसी के विधार्थियों ने शैक्षणिक भ्रमण के दौरान भोपाल स्थित आंचलिक विज्ञान केंद्रका भ्रमण किया। इस भ्रमण में कक्षा तीसरी से कक्षा आठवीं के विद्यार्थी शामिल रहे।

प्राचार्य प्रशांत दीक्षित ने बताया कि विधार्थियों ने यहाँ पर विज्ञान के कई सिद्धांतों को प्रयोगों के माध्यम से समझा। इन में थ्रीडी शो, एसएलडी शो, तारा मंडल दर्शन शामिल थे। विधार्थियों ने दर्पणों की भूल भूलैया, विद्युत उत्पादन, सौर ऊर्जा, नाभिकीय ऊर्जा उत्पादन के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। श्री दीक्षित ने बताया कि शैक्षणिक भ्रमण से विधार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान, टीम वर्क, अनुशासन सीखने को मिला, उन्होंने कहा कि आगे भी विधार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए ऐसे शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन होता रहेगा।

## ई-अटेंडेंस तथा वरिष्ठता बहाली को लेकर राज्य शिक्षक संघ ने, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर




राज्य शिक्षक संघ की ब्लॉक सोहागपुर इकाई ने रविवार को ई-अटेंडेंस एवं वरिष्ठता बहाली को लेकर सोहागपुर एसडीएम के नाम एक ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा है। साथ ही तत्काल मांगों पर कार्रवाई की अपेक्षा की है।

ज्ञापन में राज्य शिक्षक संघ ने उल्लेख किया है कि सेवा में अध्यापन संपर्क की नियुक्ति जुलाई 2018 से की गई है, जबकि विभाग में नियुक्ति 1998-99 से है। जिससे शिक्षकों की वरिष्ठता को लेकर असमंजस की स्थिति बरकरार है। वरिष्ठता ना मिलने के कारण शिक्षक अनेक लाभों से वंचित हैं। ज्ञापन अनुसार मप्र के सरकारी विद्यालयों में नियमित पहुंचकर शिक्षक निष्ठापूर्ण कार्य कर रहे हैं। परिणामतः प्रदेश की प्रावीण्य सूची में शासकीय विद्यालयों के बच्चे स्थान बनाए हुए हैं। जब शासकीय स्कूलों के बच्चे अव्वल आ रहे हैं तो शिक्षक को ई-अटेंडेंस में उपस्थिति का कोई औचित्य नहीं है, क्योंकि इसमें कई तकनीकी परेशानियां हैं। जैसे कि उपस्थिति लगाने में नेटवर्क लोकेशन तक जाना, मोबाइलों में शिक्षक एप का लोड नहीं होना, मोबाइल हैंग होना, सुदूर क्षेत्रों में नेटवर्क नहीं मिलना आदि। अतः ई-अटेंडेंस की बाध्यता उचित नहीं है। ज्ञापन में उल्लेख है कि यदि शासन ने संघ की मांगों पर ध्यान नहीं दिया तो 21 दिसम्बर को प्रदेश के सभी जिलों में धरना, प्रदर्शन व ज्ञापन दिये जाएंगे। इस दौरान उमेश ठाकुर, योगेन्द्र सिंह पटेल, अर्जुन रघुवंशी, बलराम ऊईके, सुतेंदर सिंह, दुर्गा कुशवाहा, बद्री वर्मा आदि मौजूद रहे।

### नगर पालिका के बिलो पर मिलेगी विशेष छूट

**नर्मदापुरम।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा 13 दिसंबर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन करने का निर्देश दिया गया है। यह लोक अदालत वर्ष की अंतिम नेशनल लोक अदालत होगी जो तहसील स्तर के न्यायालयों सहित सर्वोच्च न्यायालय तक संपूर्ण भारत में आयोजित की जावेगी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नर्मदापुरम के सचिव श्री विजय कुमार पाठक द्वारा बताया गया कि इस नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित विभिन्न प्रकृति के राजीनामा योग्य प्रकरण रखे जायेंगें, तथा आपसी समझौते एवं सुलह के आधार पर निपटाये जायेंगे। इस नेशनल लोक अदालत में राजीनामा योग्य आपराधिक मामलें निपटाये जाएंगे।

### दो पिछले एक पखवाड़े से ठंड में बादलों के कारण आई थी कमी

## बादल छंटे तो नर्मदांचल में बढ़ेगी ठंड, सुबह से छाए रहे मेघ शाम होते होते मौसम खुला, रात में गिरा पारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम में इन दिनों प्रकृति के एक ऐसे विहंगम दृश्य का दीदार हो रहा है, जिसने मानो नदी, आसमान और प्रकाश को एक ही कैनवस पर उतार दिया हो। सूर्योदय या सूर्यास्त के समय की यह अनुपम छटा, विशेषकर नर्मदा नदी के विस्तृत जल पर, दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर रही है।

#### रंगों की अदभुत जुगलबंदी

चित्र में नर्मदा नदी का शांत, बहता जल और ऊपर छितराए बादलों का नज़ारा दिखाई देता है। क्षितिज पर डूबते या उगते सूरज की सुनहरी किरणें जब बादलों से होकर गुजरती हैं, तो आसमान में नारंगी, पीला और हल्के गुलाबी रंगों का एक अद्भुत मिश्रण तैयार हो जाता है। यह रंग-तालमेल जल में प्रतिबिंबित होकर, नदी को एक स्वर्णिम आभा प्रदान करता है। नदी का गहरा, गतिमान जल, बादलों की जालीदार, सिरेटस जैसी संरचना के साथ मिलकर एक अदभुत विपरीतता बनाता है। यह दृश्य प्रकृति की अपार सुंदरता और शांति का प्रतीक है। स्थानीय नागरिकों के अनुसार, पिछले कुछ समय से नर्मदापुरम के आसमान में बादलों का यह सुंदर जमावड़ा देखने को मिल रहा है। मौसम विभाग की मानें तो यह परिवर्तन जल्द ही तापमान में गिरावट लाएगा। मौसम विभाग का आकलन है कि जैसे ही आसमान से ये बादल छटेंगे और हवा साफ होगी, उत्तर की ओर से आने वाली ठंडी हवाएँ नर्मदापुरम को शीतल कर देंगी। इस दौरान तापमान में अचानक काफी कमी दर्ज की जा सकती है।



#### मौसम का मिजाज और शीतलता की आहट

स्थानीय नागरिकों के अनुसार, पिछले कुछ समय से नर्मदापुरम के आसमान में बादलों का यह सुंदर जमावड़ा देखने को मिल रहा है। मौसम विभाग की मानें तो यह परिवर्तन जल्द ही तापमान में गिरावट लाएगा। मौसम विभाग का आकलन है कि ?जैसे ही आसमान से ये बादल छटेंगे और हवा साफ होगी, उत्तर की ओर से आने वाली ठंडी हवा नर्मदापुरम को शीतल कर देंगी। इस दौरान तापमान में अचानक काफी कमी दर्ज की जा सकती है, जिससे क्षेत्र में ठंड का प्रभाव बढ़ जाएगा। यह मौसम का बदलाव, नर्मदा के इस शांत सौंदर्य के साथ मिलकर, नर्मदापुरम के माहौल को एक नई ताजगी प्रदान करेगा।

हरिभूमि
जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 519. देवेन्द्र निर्मलकर पिता\पति दौलत राम निर्मलकर पता- दुर्गा चौक, मठपुरैना रायपुर, 520. दिशा वर्मा पिता\पति अनिल कुमार वर्मा पता- सद्दू LIG-717 RAIPUR, 521. भोला राम वर्मा पिता\पति स्व.रतन लाल वर्मा पता– रायपुर, 522. अमित साहू पिता\पति गौकरण साहू पता- प्रगति विहार कॉलोनी संतोषी नगर, 523. शुभम कुमार सिन्हा पिता\पति गंगा प्रसाद सिन्हा पता- राजा तालाब रायपुर, 524. राजा शा पिता\पति अनवर शा पता- गोकुल नगर रायपुर, 525. गया प्रसाद मानापुरे पिता\पति बाबू जी मानापुरे पता- प्रेम नगर गुढ़ियारी, 526. बरखा तिवारी पिता\पति दीपक कुमारतिवारी पता- टेकारी मंढार रायपुर, 527. अविनाश साहू पिता\पति हिरेन्द्र कुमार साहू पता- बढाई पारा ब्रम्देव मंदिर के पास रायपुर, 528. लोमश कुमार साहू पिता\पति गणेश राम साहू पता- खोरपा रायपुर, 529. भोजराज साहु पिता\पति तुकाराम साहु पता- कुरूद, 530. सूरज कुमार पिता\पति सुरेश पता- रावनगुंडा कुरूद, 531. शिवम् कुमार सहू पिता\पति धनेश राम साहू पता-ग्राम-बकली, 532. कु. मोनिका गुप्ता पिता\पति अमर नाथ गुप्ता जी पता- मठ मंदिर चौक धमतरी, 533. अमन अग्रवाल पिता\पति अजय अग्रवाल पता- वार्ड न.-3 डोंगरगढ़, 534. अर्चना दुबे पिता\पति बी. एस.तिवारी पता- वार्ड न.-3 डोंगरगढ़, 535. मनवीर राज कौर पिता\पति शंद्री सिंह जगमहिमा पता- डोंगरगढ़, 536. रीतू वर्मा पिता\पति देवेन्द्र वर्मा पता- वार्ड न.09 कोविया, 537. नरेश साहू पिता\पति किशन लाल पता- संजय नगर कांकेर, 538. श्रीमती जानकी देवांगन पिता\पति श्री जगदीश प्रसाद देवांगन पता- डौंडी लोहारा, 539. सोमेश पाण्डेय पिता\पति स्व. मदन प्रसाद पाण्डेय पता- जगदलपुर, 540. संदीप कुमार सेन पिता\पति रघुराज सेन पता- शंकर नगर वार्ड न.-09, 541. श्री राम साहू पिता\पति जी.आर.साहू पता- रामनगर कवर्धा, 542. जलेन्द्र कुमार साहू पिता\पति महेंद्र कुमार साहू पता- सुहेला, 543. कशिश नेताम पिता\पति हरिशंकर नेताम पता- आर.ई.एस.कॉलोनी कोंडागांव, 544. काजल साहू पिता\पति दया राम साहू पता- बजरंग पारा कोहका, 545. शौर्य जंघेल पिता\पति हिरेन्द्र जंघेल पता- लक्ष्मी नगर सुपेला, 546. मेघा साहू पिता\पति मोहन लाल साहू पता- सरस्वती कुंज रिसाली भिलाई, 547. श्रीमती आशा ताम्रकार पिता\पति स्व. भारत भूषण ताम्रकार पता- म.न.20/1 नेहरू नगर पूर्व भिलाई, 548. धीरज कुमार पिता\पति फूलचंद प्रसाद पता- खुर्शिपार जोन-03 भिलाई, 549. अश्वनी कुमार साहू पिता\पति बी.आर साहू पता- राकेश चौक वार्ड न.04 जरवाय भिलाई 03, 550. यशवंत कुमार पिता\पति घनाराम नेताम पता- प्लाट न.182/3 व्ही.आई. पी नगर, 551, अजय कुमार पाण्डेय पिता\पति अश्वनी कुमार पाण्डेय पता- गणेश नगर रावण भाठा जामुल भिलाई, 552. भूपेश कुमार यादव पिता\पति कैलाश प्रसाद यादव पता- दुर्गा मंदिर के पास खुर्शिपार भिलाई, 553. कशिश साहू पिता\पति हिरामत लाल साहू पता- नयापारा उतई, **बिलासपुर संस्करण –** 554. पूर्णिमा पिता/पति समिति दफाई कोरिया कॉलोरी, 555. रितेश गुप्ता पिता/पति राजेन्द्र गुप्ता पता- बाजार पारा बैकुठपुर, 556. रोहित कुमार पिता/पति कृष्णा कुमार साहू पता- तलवा पारा बैकुठपुर, 557. प्रियंका गुप्ता पिता/पति दुर्गा प्रसाद गुप्ता पता- तलवा पारा, 558. योगेश चंद्रा पिता/पति पन्नालाल चंद्रा पता- स्कूल पारा बैकुठपुर, 559. गोविंद कुमार पिता/पति प्यारे मोहन पता- कचहरी पारा बैकुठपुर, 560. नैना चौरसिया पिता/पति फते बहादुर चौरसिया पता- बैकुठपुर, 561. दीपक कुमार जायसवाल पिता/पति अशोक कुमार जायसवाल, पता- सकरीया, 562. हर्ष यादव पिता/पति खिलानंद यादव पता- स्कूल पारा ओड़गी, 563. स्वाती गोयल पिता/पति सुशील गोयल पता- चरचा कोलोरी, 564. संदीना पिता /पति मो. अबूताब अंसारी पता- महाराणा प्रताप अंसारी चरचा, 565. सुष्मिता यादव पिता /पति स्कूल पारा ओड़गी बैकुठपुर कोरबा जिला, 566. अहमद रजा खान पिता/पति अंजार अहमद खान पता- सीतामढी बाल्को कोरबा, 567. श्रीमती शीतला साहू पिता/पति संजय साहू पता- दीपका कोरबा, 568. बबीता चौहान पिता/पति विषम चौहान पता- कोरबा, 569. सतीश चौहान पिता/पति सुखीराम चौहान पता- पोड़ीमार भदरापारा बाल्को कोरबा, 570. संस्कार राठौर पिता/पति ब्रम्हानंद राठौर पता- हरदीबाजार कोरबा, 571. श्री अजय खैरवार पिता/पति रामप्रसाद खैरवार पता- बाजार मोहल्ला बाल्को कोरबा, 572. नावानोनी यादव पिता/पति बबलू यादव कोरबा, 573. गायत्री भारद्वाज पिता/पति नंदकुमार भारद्वाज पता- नेहरू नगर बाल्को, 574. प्रदीप सिंह चंदेल पिता/पति लक्ष्मण सिंह चंदेल पता- शांति नगर बाल्को, 575. महेन्द्र कुमार बांधकर पिता/पति जनकराम बांधकर पता- इंदिरा नगर बाल्को, 576. कमलेश कुमार साहू पिता/पति श्याम लाल साहू पता- नेहरू नगर बाल्को, **भोपाल संस्करण –** 577. राजेश वर्मा पिता\पति नाथूलाल वर्मा पता- फेस-2 कान्हा कुंज अकबरपुर भोपाल, 578. साधना सेन पिता\पति रोशनलाल पता- नयाबसेरा कोटरा, 579. हिमांशी पिलवान पिता\पति मगनदास पता- पिलवान 824 दुर्गा नगरकोलार, 580. दीपक दिलवारिया पिता\पति जयनारायण दिलवारिया पता- नेहरू नगरमेन रोड, 581. सपना वर्मा पिता\पति राममनोहर वर्मा पता- विदिशा, 582. शेखर नामदेव पिता\पति सेवाराम नामदेव पता- विदिशा, 583. सुदीप नामदेव पिता\पति शिवराम नामदेव पता- विदिशा, 584. शाश्वत शर्मा पिता\पति सुनील शर्मा पता- गोदावरी कॉलोनी विदिशा, **जबलपुर संस्करण –** 585. सिलिवया मसीहा पिता\पति चंद्रभान पता- कोतमा, 586. अभिनय सोनी पिता\पति कैलाश सोनी पता- वार्ड नंबर 4 कोतमा अनूपपुर, 587. अनिल कुमार गुप्ता पिता\पति धन प्रसाद गुप्ता पता- कोतमा अनूपपुर, 588. मनीष सेन पिता\पति केदार प्रसाद सेन पता- पुरानी बस्ती कोतमा वार्ड नंबर 6 अनूपपुर, 589. सुयश जैन पिता\पति मनीश कुमार जैन पता- कोतमा, 590. यातिका केवट पिता\पति हरी लाल केवट पता- ग्राम पौड़ी कोतमा अनूपपुर, 591. कार्तिक सेन पिता\पति अशोक सेन पता- कोतमा अनूपपुर, 592. शिफरा पिता\पति मो सरफराज वार्ड क्रमांक 7 प्रो में अनूपपुर।

नियम एवं शर्तें लागू*
शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

**खबर संक्षेप**

### क्षतिग्रस्त संयंत्रों की मरम्मत कर किसानों को दिया जा रहा पानी

**बैतूल।** पारसडोह मध्यम उद्वहन परियोजना के कमांड क्षेत्र में खेतों में डेम का पानी नहीं पहुंचने पर 12 गांवों के किसानों द्वारा चक्का जाम किए जाने के संबंध में जल संसाधन संभाग मुलताई ने वस्तु स्थिति स्पष्ट की है। कार्यपालन यंत्री सीएल मरकाम ने बताया कि पारसडोह मध्यम उद्वहन सिंचाई परियोजना के कमांड क्षेत्र में सिंचाई के लिए जलाशय में पर्याप्त जल संग्रहित है। विभाग द्वारा प्रेश्यूराईज्ड पाईप लाईन माईक्रो इरीगेशन प्रणाली द्वारा कमांड क्षेत्र के कृषकों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के लिए 5 दिसंबर 2025 से मोटर पंपों का लगातार संचालन कर रबी सिंचाई के लिए पानी दिया जा रहा है। सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली के अंतर्गत तकनीकी मापदण्डानुसार सिंचाई प्रबंधन प्रणाली के संचालन के दौरान प्रणाली में लगे उपकरणो का नियमानुसार उपयोग कर पर्याप्त सिंचाई सुविधा प्राप्त करने के लिए कमांड क्षेत्र के कृषकों को विधिवत जानकारी के अभाव के कारण एवं कुछ शरारती तत्वों द्वारा सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली में लगे संयंत्रों से छेड़छाड़ कर जगह-जगह से क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। विभाग द्वारा निरंतर क्षतिग्रस्त सयंत्र, उपकरणों के मरम्मत कार्य के लिए दल गठित कर कमाण्ड क्षेत्र के कृषकों को पानी उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है।

### किसानों को मिलेगी 1 लाख रूपये फसल बीमा राशि

**बैतूल।** आमला तहसील के ग्राम लालावाड़ी के किसान का पटवारी हल्का नं. पंजाब बैंक द्वारा बदल देने के कारण किसान को कम फसल बीमा राशि मिली थी तथा बैतूल तहसील के ग्राम जीन के किसान ने अऋणी कृषक के रूप में अपनी फसल का बीमा कराया था। लेकिन बैंक ऑफ महाराष्ट्र जीन द्वारा पोर्टल पर एन्ट्री नहीं करने के कारण इस किसान को फसल बीमा नहीं मिली। अब उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष/न्यायाधीश विजय कुमार पाण्डेय व मान. सदस्य चन्द्रयोखर माकोड़े द्वारा दिये गये आदेश के बाद इन किसानों को न्याय मिला है। एडवोकेट दिनेश यादव ने बताया कि आयोग ने अपने आदेश में कहा है कि केन्द्र शासन के निर्देशानुसान किसी भी कृषक से संबंधित फसल बीमा संबंधित जानकारी/आंकड़ों को फसल बीमा के लिए केन्द्र शासन के पोर्टल पर संबंधित बैंक द्वारा ही अपलोड किए जाते हैं एवं बैंक द्वारा अपलोड किए गए जानकारी/आंकड़ों के आधार पर ही बीमा क्लेम का निर्धारण एवं भुगतान किया गया है। योजना प्रावधानों के अनुसार, बैंक यह सुनिश्चित करेंगे कि कृषक संबंधित शाखा/पैक्स की गलतियों/चूकों/त्रुटियों के कारण योजना के तहत किसी भी लाभ से वंचित न हो, ऐसी त्रुटियों के मामले में संबंधित संस्थान सभी प्रकार के नुकसान की भरपाई करेंगे। इस आदेश के बाद पंजाब नेशनल बैंक शाखा आमला द्वारा ग्राम लालावाड़ी के किसान रविन्द्र आ. चिन्ध्या गोटे को 66,625 एवं बैंक ऑफ महाराष्ट्र शाखा जीन द्वारा ग्राम जीन के राजेन्द्र आ. बकसराम राठौर को 34530 दिये जाएंगे।

### जिले के 75 हजार से अधिक किसानों को उपलब्ध कराया था 364.11 करोड़ का ऋण

# बैंक ने शाखा प्रबंधकों को ऋण वसूली अभियान में तेजी लाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल




जिला केंद्रीय सहकारी बैंक ने जिले के हजारों किसानों पर बकाया कर्ज की वसूली के लिए अभियान की शुरुआत कर दी है। बताया जा रहा है कि खरीफ सीजन में जिले के 75,497 किसानों को 364.11 करोड़ रूपये का ऋण दिया गया था। जिनसे ऋण की वसूली के लिए बैंक ने अपनी सभी 91 समितियों को निर्देश भेजकर स्पष्ट कर दिया है कि अब चालू, ओवरड्यू और कालातीत सभी तरह के ऋणों की वसूली तेज गति से की जाए। प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के प्रबंधकों को लिखे पत्र में साफ तौर पर कहा गया है कि हर किसान से व्यक्तिगत संपर्क कर वसूली की स्थिति दर्ज की जाए, उनका मोबाइल नंबर और हस्ताक्षर संपर्क पंजी में अनिवार्य रूप से दर्ज किए जाएं। दरअसल प्रदेश सरकार द्वारा किसानों को खेती-किसानी संबंधित विभिन्न जरुरतों को पूरा करने के लिए शून्य प्रतिशत ब्याज पर ऋण उपलब्ध कराया जाता है। यह ऋण सहकारी समितियों के माध्यम से उपलब्ध होता है। इस ऋण राशि की वसूली के लिए जिला सहकारी बैंक ने अभियान शुरू कर दिया है। अभी बैंक द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर लगाकर किसानों को समझाइश दी जा रही है ताकि वे स्वयं ही राशि जमा कर दें। इसके अलावा बैंक द्वारा वसूली अभियान में तेजी लाने के लिए शाखा प्रबंधकों को भी निर्देशित किया गया है।

#### कालातीत की श्रेणी में 38,678 किसान

जिले में 91 सहकारी समितियां हैं। जिसके माध्यम से बैंक किसानों को ऋण उपलब्ध कराता है। बताया जा रहा है कि 75 हजार से अधिक किसानों को 364 करोड़ रूपये का ऋण उपलब्ध कराया जा चुका है। बैंक के आंकड़ों के अनुसार खरीफ सीजन से जुड़े किसानों पर अकेले 364.11 करोड़ रुपए का ऋण वितरित किया है, जिसमें सबसे ज्यादा हिस्सा ओवर ड्यू किसानों का है। करीब 38,678 किसान ओवर ड्यू श्रेणी में बताए जाते हैं। कालातीत ऋणों की संख्या भी कम नहीं है, जो ग्रामीण अर्थव्यवस्था की हकीकत को सामने लाती है। हालांकि बैंक ने नवंबर से वसूली अभियान शुरू किया है, लेकिन अभी तक कितनी राशि वसूली जा सकी है, इस पर कोई स्पष्ट रिपोर्ट नहीं आई है। अधिकारियों का कहना है कि शुरुआती चरण होने के कारण आंकड़े संकलन की प्रक्रिया में हैं।

#### वसूली अभियान ने बढ़ाई किसानों की चिंता

बैंक के वसूली अभियान ने किसानों की चिंता को बढ़ा दिया है। किसानों की चिंता इसलिए भी बढ़ गई है, क्योंकि इस साल खरीफ की फसल जैसे ही पककर तैयार हुई, ऐन वक्त पर बारिश ने आकर खरीफ फसल को नुकसान पहुंचाया। ऊपर से किसानों को उपज के सहीं दाम भी नहीं मिल पा रहे है। किसानों का कहना है कि उपज के दाम पहले ही लागत के मुकाबले कमजोर हैं और मौसम की मार से फसल उत्पादन प्रभावित होता रहा है। ऐसे में वसूली किसानों के मानसिक दबाव को और बढ़ा सकती है। जिला केंद्रीय सहकारी बैंक का यह अभियान किसानों के लिए यह एक नई चुनौती बनकर उभरा है। क्योंकि किसान पहले से ही मौसम, बाज़ार और लागत के बोझ से कराह रहे हैं।

#### वसूली अभियान में तेजी लाने के निर्देश

जिलेभर की 91 समितियों को कड़े निर्देश जारी होने के बाद यह भी साफ है कि बैंक इस बार किसी तरह की ढिलाई नहीं बरतना चाहता। दूसरी ओर किसानों के बीच आशंका बढ़ गई है कि यह सख्ती कहीं उनकी आर्थिक चुनौतियों को और न बढ़ा दे। बताया जा रहा है कि वसूली अभियान में तेजी लाने के लिए शाखा प्रबंधकों को वाहन तक मुहैया कराया गया है। इसके अलावा उन्हें गांवों में रात्रि विश्राम करने के निर्देश भी दिए गए हैं। आदेश इतना कड़ा है कि यदि कोई शाखा प्रबंधक दौरे पर नहीं मिलता या शाखा में ही मौजूद पाया जाता है, तो उसके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई तय है। यही नहीं, यदि वसूली में प्रगति नहीं होती है तो शाखा प्रबंधक को क्षेत्र में ही रात्रि विश्राम करना होगा।

**अभियान चला रहे हैं**

ऋण की वसूली के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसके साथ ही किसानों को ऋण की राशि जमा करने के लिए नोटिस दिये जा रहे है, ताकि किसान समय पर ऋण का भुगतान कर सके।

**नीता निगम, महप्रबंधक, जिला सहकारी बैंक बैतूल**

### एक युवक भोपाल रेफर, आरोपी फरार

## दोस्तों में हुआ विवाद चाकूबाजी में दो घायल



**बैतूल।** बैतूल बाजार थाना क्षेत्र में शनिवार रात चाकूबाजी की घटना सामने आई। जानी ढाबा बडोरा के सामने हुए विवाद में दो युवक घायल हो गए, जिनमें से एक को गंभीर हालत में भोपाल रेफर किया गया है। पुलिस के अनुसार, रात करीब 12 बजे कुछ युवक खाना खाने पहुंचे थे। उनके बीच मामूली कहासुनी हुई, जो जल्द ही मारपीट में बदल गई। इसी दौरान आरोपी अर्जुन पांसे ने अपने साथी परविंदर पिता गुरु नाम सिंह (22) निवासी जयप्रकाश वार्ड पर चाकू से हमला कर दिया। आरोपी ने परविंदर के पेट में दो बार वार किए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़ा। अपने दोस्त को बचाने आए आकाश पिता अरुण हल्दिया (21) निवासी सदर के हाथ में भी चाकू लग गया। घटना के बाद आरोपी अर्जुन पांसे अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। दोनों घायलों को उनके दोस्तों ने तुरंत जिला अस्पताल बैतूल पहुंचाया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद परविंदर की गंभीर हालत को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए भोपाल रेफर कर दिया। आकाश का इलाज जिला अस्पताल में जारी था, लेकिन वह बिना बताए अस्पताल से चला गया। घटना की सूचना मिलते ही बैतूल बाजार थाने की पुलिस टीम अस्पताल पहुंची। पुलिस ने घायलों और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी अंजना धुर्वे ने बताया कि आरोपी अर्जुन पांसे की तलाश में दो टीमें रवाना की गई हैं और उसे जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि झगड़े की कोई खास वजह नहीं है। फरियादी और आरोपी आपस में दोस्त हैं। खाना खाने के बाद वे ढाबे के सामने सिगरेट पी रहे थे। इसी बीच उनमें कहासुनी हो गई। जिसके बाद हुई चाकूबाजी में यह वारदात सामने आई।

## नाली विवाद में युवक की पाइप से पिटाई, एफआईआर दर्ज

**बैतूल।** शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र में एक युवक की पिटाई का वीडियो रविवार को वायरल हो रहा है, जो शुक्रवार का बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, पीड़त युवक के हाथों एक फर्शी टूट गई थी। इसे सुधारने के लिए उसने जमानत के तौर पर पांच हजार रुपए जमा किए थे। मरम्मत पूरी होने के बाद जब उसने अपने पैसे वापस मांगे, तो आरोपियों ने उस पर हमला कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, रुपए मांगने पर युवक को होस पाइप से पीटा गया। यह घटना दो दिन पुरानी बताई जा रही है। टीआई नीरज पाल ने बताया कि यह मामला नाली के विवाद से जुड़ा है। सदर क्षेत्र में दो लोगों ने युवक के साथ मारपीट की थी, जिसके बाद एफआईआर दर्ज कर ली गई है। पुलिस टीम आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए जांच में जुटी है। पिटाई करने वाले युवकों के आपराधिक रिकॉर्ड भी खंगाले जा रहे हैं। जांच टीम में शामिल आरक्षक के अनुसार, घटना के दिन भी वीडियो सामने आया था।

### अंतर्राष्ट्रीय त्रिपिटक चैटिंग समारोह में होंगे शामिल

## बैतूल से 48 उपासकों का जत्था बोध गया के लिए रवाना




**बैतूल।** 20वें अंतर्राष्ट्रीय त्रिपिटक चैटिंग समारोह, बोधगया में शामिल होने के लिए बैतूल से 48 उपासकों का जत्था रविवार 7 दिसंबर को श्रद्धा, उत्साह और धम्मभावना के साथ विधिवत रवाना हुआ। रवानगी के अवसर पर समाज के वरिष्ठ सदस्यों ने उपासक-उपासिकाओं को धम्मध्वज दिखाकर मंगलकामनाएं दीं। सभी यात्रियों का धम्मपट्टीका पहनाकर सम्मानपूर्वक स्वागत और विदाई की गई। उपस्थित समाजजनों ने इस आध्यात्मिक यात्रा के सफल, सुरक्षित और कल्याणकारी होने की शुभेच्छाएं प्रदान कीं। इस अवसर पर समाज के प्रतिष्ठित सामाजिक कार्यकर्ता एन. के. मांडवी, एम. पाटिल, शिवकिशोर पाटिल, एफ. एल. सरनकर, तुकाराम लोखंडे, भाऊराव भालेकर सहित अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। दि बुद्धिस्ट सोसाइटी ऑफ इंडिया, जिला बैतूल की ओर से संदीप पाटिल, धर्मदास दवंडे, दिनेश पाटिल, श्याम किशोर पाटिल, रमेश चंदेलकर, जगदीश हुरमाडे, राजेश भूमरकर, मीणा पाटिल, जयवंती चौकीकर तथा पूज्य भंते दीपांकर सहित समस्त अनुयायी भी मौजूद रहे और उन्होंने यात्रा दल को शुभाशीस के साथ अभिनंदन किया। संपूर्ण यात्रा का नेतृत्व आयु. कमलेश उबनारे द्वारा किया जा रहा

## अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन द्वारा बनाया गया महापरिनिर्वाण दिवस



**सारनी।** अंतरराष्ट्रीय मानव सुरक्षा संगठन ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एवं मोमबत्ती जलाकर महापरिनिर्वाण दिवस मनाया। संगठन के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों ने अंबेडकर जी प्रतिमा को माला पहना कर श्रद्धांजलि दी। जिला अध्यक्ष सतीश बौरासी ने कहा कि भारत संविधान के निर्माता शोषितों के मसीहा थे। 6 दिसंबर 1956 को उनका माहा परिनिर्वाण (निधन) हुआ था। जिसे उनके अनुयाई काला दिवस के रूप में मनाते हैं। क्योंकि उन्होंने अपना पूरा जीवन सामाजिक न्याय स्वाभिमान एवं लोगों के लिए समर्पित किया और इसी दिन वह दुनिया से विदा हुए थे। कार्यक्रम के प्रभारी जिला उपाध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने बताया कि बाबा साहब अंबेडकर के विचार से शिक्षा, समानता, और आर्थिक विकास की कुंजी माना, शिक्षित बनो, संगठित रहो संघर्ष करो का नारा दिया। जिला मंत्री राकेश सोनी ने कहा कि स्वतंत्रता, समानता और भाईचारे को बढ़ावा देने वाले धर्म को प्राथमिकता दी। जिलाध्यक्ष बौरासी ने कहा कि उन्होंने शिक्षा को सामाजिक और आर्थिक ,विकास की कुंजी माना, भाईचारे को बढ़ावा देने वाले धर्म को प्राथमिकता दी, उन्होंने महिलाओं के उत्थान को समुदाय की प्रगति का पैमाना माना और जाति व्यवस्था पर करारा प्रहार किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित जिला अध्यक्ष, सतीश बौरासी, जिला महामंत्री संतोष कैथवास, जिला, मंत्री राकेश सोनी, निखिलेश गजभिए, अतुल मालवीय, अशोक कश्यप, श्री अंबुलकर, कृष्णा यादव आदि पदाधिकारी सदस्य उपस्थित रहे।

### शिक्षा, स्वास्थ्य, रक्तदान, पर्यावरण संरक्षण, एनीमिया मुक्त भारत अभियान चलाएंगे

## कार्य योजना की बैठक में बोले परिषद के पदाधिकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

भारत विकास परिषद की बैतूल शाखा की मासिक बैठक रविवार को फर्नीचर व्यवसायी एवं समाजसेवी राजा साहू के प्रतिष्ठान पर हुई। इसमें परिषद के उद्देश्यों को लेकर कार्य योजना तैयार की गई। बैठक में श्री साहू ने कहा कि स्वस्थ, समर्थ, संस्कृत भारत के निर्माण में योगदान ही भारत विकास परिषद् का उद्देश्य है। यह एक गैर राजनीतिक, स्वयंसेवी, सामाजिक-सांस्कृतिक संस्था है। इसकी स्थापना 1963 में स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को लेकर भारत के सर्वांगीण विकास के लिए की गई थी। इस मौके पर बैठक में उपस्थित गौ सांसद युवराज मालवीय (श्री गौड़) ने कहा कि हम परिषद के माध्यम से गौ रक्षा एवं गौ संरक्षण के लिए सदैव कार्य करते रहेंगे। गौ माता को राष्ट्र माता बनाने के लिए प्रयासरत रहेंगे। परिषद के उपाध्यक्ष आशीष पचौरी ने कहा कि भारत विकास परिषद के मुख्य कार्य और उद्देश्यों में सेवा और संस्कार, राष्ट्र निर्माण के कार्य, भारत को जानो प्रतियोगिता के साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, रक्तदान, पर्यावरण संरक्षण, एनीमिया मुक्त भारत अभियान जैसे कार्य शामिल है। शाखा के सचिव लतेश पवार ने कहा कि भारत विकास परिषद अपने सभी प्रकल्पों, जो भारतीय संस्कृति को जन-जन तक पहुंचाना, बच्चों में संस्कार विकसित करना एवं उनके बौद्धिक विकास के लिए कार्य करने प्रतिबद्ध है। परिषद के कोषाध्यक्ष दिनेश पंडाग्रे ने कहा कि आगामी समय में अधिक से अधिक लोगों को परिषद से जोडऩे का प्रयास किया जा रहा है। बैठक में परिषद के भोपाल शाखा से प्रतिनिधि के रूप में प्रकाश बंजारे भी मौजूद थे । उन्होंने समय-समय पर बैतूल शाखा को सहयोग देने का आश्वासन दिया। जन अभियान परिषद के मेंटर आशीष कोकने व बाबूलाल पवार ने सेवा कार्यों को सुचारू रूप से चलाने हेतु हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इस अवसर पर महिला सदस्य सरिता ठाकरे, प्रमिला कामतकर एवं लता साकरे उपस्थित थी। अंत में शाखा सचिव लतेश पवार ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## ब्लाइंड क्रिकेट वर्ल्ड कप विजेता दुर्गा येवले का प्रथम नगर आगमन पर किया भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



वर्ल्ड कप टी-20 ब्लाइंड क्रिकेट में भारत का परचम लहराने वाली होनहार खिलाड़ी दुर्गा येवले का बैतूल जिले में प्रथम नगर आगमन पर सर्व यादव समाज और सामाजिक संगठनों ने भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर भव्य वाहन रैली निकाली गई। संत श्री सिंगाजी गवली समाज संगठन बैतूल जिला अध्यक्ष भूरा यादव ने बताया कि यह रैली धार बैरियर से प्रारंभ हुई जो भौरा, शाहपुर, पाढर, आठवामिल, सोनाघाटी, चक्कर रोड, कोतवाली चौक, बस स्टेण्ड, मीडिया सेंटर, कलेक्ट्रेट शिवाजी चौक पहुंची। इस दौरान यहां सर्व यादव समाज द्वारा ब्लाइंड क्रिकेट वर्ल्ड कप विजेता दुर्गा येवले का पट्टिका एवं पुष्प गुच्छ से भव्य स्वागत किया गया। तत्पश्चात लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम में वर्ल्ड कप विजेता दुर्गा द्वारा धरती माता की पूजा की गई। इसके बाद रैली एसपी ऑफिस के सामने से आहुजा शोरूम, गंज टांगा स्टैंड चौक, मेकेनिक चौक, बीजेपी कार्यलय के सामने से होते हुए खेड़ी सावलीगढ़, केरपनी, भैंसेदही होते हुए ग्राम राक्सी पहुंची।इस दौरान जगह-जगह खेल प्रेमियों और सामाजिक बंधुओं द्वारा ब्लाइंड क्रिकेट वर्ल्ड कप विजेता दुर्गा का भव्य सम्मान किया गया। संत श्री सिंगाजी गवली समाज संगठन के युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष सुरेश यादव ने बताया कि 11 नवंबर से 25 नवंबर तक टी-20 ब्लाइंड वर्ल्ड कप में बैतूल जिले के भैंसेदही तहसील के ग्राम राक्सी की दुर्गा येवले ने भारत का नेतृत्व किया। टी-20 ब्लाइंड वर्ल्ड कप में भारत, पाकिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, नेपाल, इंग्लैंड, अमेरिका और श्रीलंका सहित 7 टीमों ने हिस्सा लिया था। भारत और श्रीलंका ने मिलकर इस टूर्नामेंट की सह मेजबानी की थी। होनहार खिलाड़ी दुर्गा के बेहतर खेल प्रदर्शन से बैतूल जिला सहित प्रदेश गौरवान्वित हुआ है। ब्लाइंड क्रिकेट वर्ल्ड कप जीतकर दुर्गा के प्रथम बैतूल आगमन पर जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया।

### सरस्वती शिशु मंदिर कालापाठा में आयोजित हुआ भारतीय मजदूर संघ का श्रम सम्मेलन

## भामसं हमेशा श्रमिकों को बेहतर सामाजिक सुरक्षा दिलाने के लिए तत्पर: गुर्जर





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल।

सरस्वती शिशु मंदिर कालापाठा में भारतीय मजदूर संघ द्वारा श्रम सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें श्रमिक हितों और श्रम संहिता से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। सम्मेलन के दौरान जिला मंत्री पंजाबराव गायकवाड़ ने श्रम संहिता सम्मेलन की जानकारी दी। कार्यक्रम में भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश महामंत्री कुलदीप गुर्जर, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मधुकर सांबले, महेंद्र सिंह ठाकुर, राजेश मंसूरिया, विभाग प्रमुख विनय डोंगरे, अध्यक्ष संपत दरवाई, सचिन राय, कमल किशोर भावसार और चंद्रभान पंडाग्रे की विशेष उपस्थिति रही। पर्वत राव ठाकरे द्वारा अतिथियों को मां ताप्ती का चित्र भेंट किया गया। उद्बोधन में प्रदेश महामंत्री कुलदीप गुर्जर ने कहा कि भारतीय मजदूर संघ हमेशा श्रमिकों को बेहतर मानदेय और सामाजिक सुरक्षा दिलाने के लिए तत्पर है। उन्होंने प्रदेश में आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए ठोस नीति बनाने, संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण, दैनिक वेतन भोगी और अस्थायी कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान, अंशकालिक कर्मचारियों को पूर्णकालिक बनाने, नवीन शिक्षक संवर्ग को नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता देने, तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की मांगों को लेकर निरंतर संघर्ष किए जाने की बात कही। इस दौरान उन्होंने संगठनात्मक बैठक भी ली। कार्यक्रम में विजय यादव, संतोष शिंदे, संतोष गुप्ता, अंकित सक्सेना, निशांत मेश्राम, मीरा पंडोल, सृजन शुक्ला, अंकिता वरवड़े सहित भारतीय मजदूर संघ के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## दमआ घाट मार्ग पर जाम से परेशान यात्री



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी।

शनिवार देर रात सारनी-दमआ मुख्य मार्ग पर बड़ा हादसा टल गया, लेकिन दुर्घटना जैसी स्थिति के कारण सुबह तक करीब दो किलोमीटर लंबा जाम लग गया। जानकारी के अनुसार ट्राला क्रमांक एमपी 14 जेडएच 7175 में पोकलैंड मशीन लेकर जा रहा वाहन घाट क्षेत्र में मोड़ पर संतुलन खो बैठा। मोड़ पर जगह कम होने और वाहन चालक द्वारा सही एंगल न ले पाने से पोकलैंड मशीन प्लेटफॉर्म से फिसलकर आधी सडक़ पर झुक गई, जिसके कारण पूरा मार्ग अवरुद्ध हो गया। घटना के बाद से ही रातभर मार्ग पर यातायात बाधित रहा। सुबह होने पर स्थिति और गंभीर हो गई, क्योंकि बड़ी संख्या में वाहन दोनों ओर फंस गए। सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी को कोयला आपूर्ति करने वाले कई ट्रक भी इस जाम में फंस गए हैं। इससे विद्युत उत्पादन प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है। चूंकि यह क्षेत्र जंगल से घिरा हुआ है, इसलिए जाम में फंसे यात्रियों को पीने का पानी तक उपलब्ध नहीं हो रहा है। किसी प्रकार की मदद या राहत व्यवस्था भी मौके पर नजर नहीं आई, जिससे लोगों में नाराजगी देखी जा रही है।

## खबर संक्षेप

### डंपर की टक्कर से महिला की मौत, दो घायल

**देवास।** शनिवार को शिप्रा और लोहार पिपलिया के बीच हुए सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए। एक डंपर ने बाइक पर सवार परिवार को टक्कर मार दी, जिसके बाद डंपर सड़क किनारे पलट गया।मृतक महिला की पहचान उज्जैन जिले के पिंगलेश्वर निवासी शबाना पति शाहरुख के रूप में हुई है। बाइक पर सवार कल्लो बी और उनका पौता शाहरुख गंभीर रूप से घायल हो गए। यह परिवार उज्जैन से इंदौर किसी काम से जा रहा था।घायलों का इलाज जारी है। हादसे के बाद डंपर चालक और क्लीनर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने उनकी तलाश शुरू कर दी है।औद्योगिक क्षेत्र थाना प्रभारी शशिकांत चौरसिया ने बताया कि परिवार उज्जैन से इंदौर जा रहा था। रोड क्रॉस करते समय यह हादसा हुआ। परिवार को उज्जैन के रास्ते से ब्रिज से इंदौर जाना था, लेकिन वे नीचे के रास्ते पर आ गए थे। राष्ट्रीय राजमार्ग (एबी रोड) पर निर्माण कार्य के कारण जगह-जगह डिवाइडर तोड़कर कट पॉइंट बनाए गए हैं।शनिवार को हुआ हादसा भी डिवाइडर पार करने के दौरान ही हुआ। इन कट पॉइंट्स को बंद करने की आवश्यकता बताई जा रही है ताकि भविष्य में ऐसे हादसों को रोका जा सके।

### राज्यसभा सदस्य माया नारोलिया ने किया निरीक्षण

# राज्यसभा सांसद माया नारोलिया बोलीं निर्माण कार्य में किया गया बड़ा घोटाला

ओवरब्रिज के निर्माण में भारी भ्रष्टाचार की शिकायतों के बाद, राज्यसभा सदस्य श्रीमती नारोलिया ने मौके पर पहुंचकर ब्रिज का निरीक्षण किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



नर्मदापुरम-इटारसी मार्ग पर होटल द पार्क के पास स्थित रोड ओवरब्रिज के निर्माण में भारी भ्रष्टाचार की शिकायतों के बाद, राज्यसभा सदस्य माया नारोलिया ने रविवार को मौके पर पहुंचकर ब्रिज का निरीक्षण किया।

नारोलिया ने इस मामले को जनता के जीवन से खिलवाड़ बताते हुए अधिकारियों की जवाबदेही तय करने की मांग की है। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि राजा तिवारी, योगेन्द्र राजपूत, वरिष्ठ नेता संदेश पुरोहित, शैलेन्द्र दीक्षित, विकास नारोलिया, मनोज बडक्कुर सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

#### प्रमुख शिकायतें और कार्रवाई

यह ब्रिज शुरू से ही घटिया निर्माण को लेकर विवादों में रहा है। श्रीमती नारोलिया और सांसद दर्शन सिंह चौधरी यह मामला उच्च स्तर पर और रेलवे समिति की बैठकों में कई बार उठा चुके हैं।

#### भ्रष्टाचार का आरोप

ब्रिज के निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग और अनियमितताएं। **अधिकारियों का रवैया,** अधिकारियों द्वारा वरिष्ठों को गुमराह करना और बैठकों में गलत/झूठी जानकारी पेश करना। झूठी मरम्मत रिपोर्ट, बैठक से एक दिन पूर्व ब्रिज से गुजरने वाली नारोलिया को अगली ही दिन बैठक में लिखित में मरम्मत पूर्ण होने की गलत जानकारी दी गई।

#### निरीक्षण के बाद प्रतिक्रिया

नारोलिया ने इसे बहुत बड़ा घोटाला करार दिया और दोषियों को सजा दिलाने की बात कही।

### राज्यसभा सांसद ने पुस्तकालय भवन निर्माण का किया भूमिपूजन



नर्मदापुरम। राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने रविवार को आर्ष गुरुकुल नर्मदापुरम परिसर में पुस्तकालय भवन कक्ष निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। यह निर्माण कार्य राज्यसभा सांसद नारोलिया की सांसद निधि 10 लाख की राशि से कराया जा रहा है।भूमि पूजन स्वामी ऋतस्पति परिवाजक नैस्टिक के आचार्यत्व में धार्मिक विधि विधान से सम्पन्न हुआ। भूमिपूजन समारोह में नगर पालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव, कुंवर सिंह यादव, अखिलेश खंडेलवाल, भारत सिंह राजपूत, मनोहर बडानी, राजेश तिवारी, अमित माहला, लक्ष्मण सिंह बेस आदि मौजूद रहे।

# जांचः डबल लॉक प्रभारी के कार्यकाल में लाखों का घोटाला



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पिपरिया विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 139मे सिर्फ एक ही डबल लाक है। जहां से बनखेड़ी विकासखंड के सैकड़ों गांवों में पिपरिया जनपद पंचायत क्षेत्र सभी गांवों के साथ छिंदवाड़ा जिले में सोहागपुर जनपद पंचायत क्षेत्र में सहित अन्य सभी जगहों पर यूरिया डीएपी खाद वितरणके लिए लंबी कतार लगी रही है।

सबसे ज्यादा खाद यहां पर आता है। अभी वर्तमान में ही सरकारी डबल लाक प्रभारी भारत सिंह निमोदा प्रबंधन के कार्यकाल में लगभग 48 लाख रुपए की गड़बड़ी पाई गई है। शिकायत दर्ज कराने वाले प्रेम कहार ने पुलिस अधीक्षक से लेकर सैंकड़ों किसानों के साथ शिकायत दर्ज कराई है। किसानों ने यूरिया डीएपी खाद वितरणके मामले कीजांच तत्काल प्रभाव से कराने के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आकिप खान के नाम तहसीलदार वैभव बैरागी को की थी। जिसकी जांच के लिए वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी निराली आर्य को सौंपी गई थी। लंबे समय तक जांच-पड़ताल में पाया गया कि किसानों ने यूरिया डीएपी खाद वितरणके मामले जो शिकायत दर्ज कराई गई थी। उस मामले में जांच अधिकारी निराली आर्य ने बताया कि शिकायत सही पाई गई है।

शनिवार को जांच प्रतिवेदन अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आकिप खान को सौंप दिया गया है। अब देखना यह है कि प्रेम कहार की शिकायत पर पुलिस अधिकारी क्या कार्यवाही करते हैं। पुलिस अधीक्षक ने प्रेम कहार को सुरक्षा मुहैया कराने के लिए लिखा है।और सुत्रोंसे प्राप्त जानकारी अनुसार वर्तमान में डबल लाक में अनेक गड़बड़ी पाई गई है।इस बारे में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आकिप खान ने बताया कि जांच एजेंसी ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है। उच्च अधिकारियों को अवगत कराया गया है। अधिकारी के आदेश अनुसार ही आगे कार्यवाही की जावेगी।

# विश्व हिंदू बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने पुलिस चौकी में सौंपा ज्ञापन, की कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरी हरचंद



नजदीकी ग्राम जमुनिया में सुबह 11:00 बजे जानकारी प्राप्त होने पर विश्व हिंदू बजरंग दल के कार्यकर्ता रेलवे स्टेशन के पास तथाकथित पाश्चर भागचंद राज के घर पहुंचे जहां पाश्चर द्वारा ग्राम जमुनिया में स्थित अपने निवास में अनुसूचित जाति एवं जनजाति की महिलाओं को बीमारी दूर भगाने और ईसाई धर्म का पाठ पढ़ाते देखा और महिलाओं से जानकारी प्राप्त की उक्त घटना को देखकर आक्रोशित विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा स्थानी पुलिस चौकी में इस आशय को लेकर कलेक्टर के नाम पुलिस चौकी प्रभारी को ज्ञापन सोपा जिसमें यह कहा गया कि पाश्चर भागचंद राज द्वारा आदिवासी एवं अनुसूचित जाति के लोगों को आर्थिक लाभ का लालच देकर एवं प्रार्थना द्वारा बीमारी दूर भगाने के बहाने भोले भाले लोगों का धर्मांतरण करने का कार्य किया जा रहा है उक्त व्यक्ति के क्रियाकलापों की निष्पक्ष जांच कर उचित संवैधानिक कार्यवाही करने का ज्ञापन दिया गयाविश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन के माध्यम से यह भी कहा कि उचित कार्रवाई नहीं होने पर आने वाले समय में उग्र आंदोलन की चेतावनी दी गई है इस अवसर पर बजरंग दल के प्रखंड अध्यक्ष सौरभ मड़वार, रमाकांत पटेल, पुष्पराज पटेल, राजा पटेल, उदित मीणा, संदीप महेश्वरी, देवेश शर्मा, शिवनारायण पटेल, राकेश पटेल, सतपाल राजपूत नवीन कुमरे हरिओम पटेल निखिल श्री राम पटेल एवं बड़ी संख्या में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### श्रद्धांजलि सभा में उठाई श्रमिकों पर अत्याचार रोकने की मांग

**देवास।** मध्यप्रदेश मीडिया प्रभारी कैलाश वर्मा ने बताया कि मध्यप्रदेश इंटक पूर्व अध्यक्ष आर. डी. त्रिपाठी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित कर, साथ ही बाबा साहब अम्बेडकर को भी श्रद्धांजलि अर्पित कर, श्यामसुन्दर यादव मध्यप्रदेश इंटक अध्यक्ष के नेतृत्व में स्मरण कर उनके कार्यों को आत्मसात कर प्रेरणा लेते हुए इंटक ने आन्दोलन कर श्रमिकों पर हो रहे अत्याचार और जुल्म रोकने की सरकार से मांग की गई। इंटक ने कहा कि वह लाए गए चार श्रम कानूनों को रोकने की मांग करते हैं तथा चेतावनी दी कि देश व प्रदेश के श्रमिकों–कामगारों द्वारा क्रमिक आन्दोलन किया जावेगा, जिससे होने वाली औद्योगिक अशांति की जिम्मेदारी सरकार की होगी।

# समाजसेवी कन्नूलाल अग्रवाल के जन्मदिन पर परिजनों ने की धार्मिक सिद्ध स्थानों के लिए एक लाख रुपए दान की घोषणा

### समाजसेवी अग्रवाल को जन्मदिन की बधाई देने पहुंचे सांसद दर्शन सिंह चौधरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



क्षेत्रीय वरिष्ठ समाजसेवी कन्नूलाल अग्रवाल के जन्मदिन पर उनके परिजनों ने सोहागपुर क्षेत्र के धार्मिक सिद्ध स्थानों के लिये एक लाख रूपए दान करने की घोषणा की है। रविवार को समाजसेवी अग्रवाल का जन्मदिन सिद्ध स्थल पुण्य जमनी सरोवर पर धार्मिक आयोजन के बीच मनाया गया।

समाजसेवी कन्नूलाल अग्रवाल के पुत्रों गौरव अग्रवाल एवं सौरव अग्रवाल ने बताया कि उनके पिता सदैव 'नर सेवा ही नारायण सेवा' के भाव के साथ परमार्थ का सद् संकल्प लेते हुए कार्य करते हैं। इस वर्ष समाजसेवी अग्रवाल का 76 वां जन्मदिन सोहागपुर के पुण्य स्थल जमनी सरोवर परिसर में मनाया गया। इस अवसर पर अग्रवाल परिवार ने जमनी सरोवर परिसर में सघन पौधारोपण किया। साथ ही मंदिर परिसर में धार्मिक आयोजन भी किए गए इस दौरान अग्रवाल परिवार के समस्त सदस्यों सहित समाजसेवी कन्नूलाल अग्रवाल के परिचित, मित्र, प्रशंसक जनप्रतिनिधि व क्षेत्र के वरिष्ठजन उपस्थित थे। सभी ने कन्नूलाल अग्रवाल के दीर्घायु होने की कामना पुण्य जमनी सरोवर परिसर स्थित श्री हनुमान जी महाराज के मंदिर में की।

#### किए एक लाख रुपए दान

समाजसेवी कन्नुलाल अग्रवाल द्वारा मुक्त हस्त से जमनी सरोवर के लिए 50,000 रुपये एवं मुख्य मार्ग पर स्थित भीलट बाबा स्थान के लिए भी 50,000 रुपये देने की घोषणा की।

उन्होंने सोहागपुर के वनवासी क्षेत्र के जरूरतमंदों बच्चों को ठंड से बचाव के लिये गर्म कपड़े वितरण की इच्छा प्रकट की, जिसे उनके परिजनों ने तत्काल ही पूर्ण करने का संकल्प लिया। वहीं अग्रवाल ने समस्त उपस्थितजनों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हम सभी नेक कार्यों को करते रहें, क्योंकि भगवान हमसे कुछ नहीं मांगते। भगवान को कपड़े, दवाई अथवा किसी भी वस्तु की आवश्यकता नहीं है। इसलिए हमें जरूरतमंदों की सहायता करते रहना चाहिए। यही भगवान के प्रति हम सनातनियों का समर्पण होगा।

# एड्स सप्ताहांतर्गत किया प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति महाविद्यालय सोहागपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना की और से एड्स जागरूकता सप्ताहांतर्गत विविध आयोजन किये जा रहे हैं। इसी क्रम में शनिवार को निबंध एवं मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. एनके नीखरा एवं पूर्व प्राचार्य स्व. डॉ. अरविंद सिंह चौहान की पुत्री शेफाली दीक्षित उपस्थित रहे। अतिथियों को सहायक प्राध्यापक आरती ठाकुर, ऊषा शर्मा तथा रासेयो कार्यक्रम अधिकारीद्वय आसिया खान एवं जीएस ठाकुर ने सप्ताह अंतर्गत अब तक किये गए आयोजनों की जानकारी दी। इस दौरान कॉलेज के विद्यार्थी व स्वयंसेवक उपस्थित रहे। शनिवार के आयोजन में अंजली ठाकुर, अर्पिता गुप्ता, शौर्य साहू, मोना अहिरवार, परी मालवीय ने सहभागिता की।

### संजय लेडवानी पुनः छावनी परिषद के मनोनीत सदस्य नियुक्त

पचमढ़ी। शहर के जाने-माने व्यक्ति



और अनुभवी पार्षद संजय लेडवानी को केंद्र सरकार द्वारा पचमढ़ी छावनी परिषद के सदस्य के रूप में एक बार फिर मनोनीत किया गया है। उनकी यह लगातार पुनर्नियुक्ति छावनी क्षेत्र के विकास और प्रशासन में उनके पूर्व के योगदान तथा अनुभव के महत्व को दर्शाती है।हिल स्टेशन पचमढ़ी के बुनियादी ढांचे और सार्वजनिक सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में पार्षद संजय लेडवानी के नेतृत्व में महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं।

# मामूली सी बात पर दो पक्षों में हुआ विवाद, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरी हरचंद

राम जमुनिया में नाली सफाई को लेकर पड़ोसियों के बीच झगड़ा पुलिस ने दर्ज की एफआईआर। फरियादी प्रियेश बाथरी पिता धनराज बाथरी 26 वर्ष निवासी जमुनिया सेमरीहरचंद के द्वारा इस आशय की प्राथमिकी लोकेश उपाध्याय,अज्जू उपाध्याय एवं लोकेश की मां सभी निवासी जमुनिया के खिलाफ दर्ज कराई की आज प्रातः 10:00 बजे करीबन पंचायत का सफाई कर्मचारी घर के सामने की नाली साफ कर रहा था घर के साइड में सुरेश उपाध्याय का मकान है जिनके मकान के सामने वाली नाली में ईंटा रखी हुई थी बड़े लड़के लोकेश से बोला कि भैया ईंटा अलग कर लो नाली की सफाई हो जाएगी इसी बात पर गंदी-गंदी गालियां देकर मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी गई, वहीं काउंटर प्रकरण में लोकेश उपाध्याय पिता सुरेश उपाध्याय 25 वर्ष निवासी जमुनिया सेमरी हरचंद के द्वारा राजू बाथरे, विनोद बाथरे, प्रदुंन बाथरे,रजनीश बाथरे सभी निवासी जमुनिया सेमरीहरचंद के खिलाफ दर्ज कराई की पड़ोसी प्रद्युम्न घर के पास नाली में पानी डाल रहा था जो मेरे ऊपर उचट रहा था मैंने कहा पानी कैसे फेंक रहे हो ऊपर उचट रहा है विवाद शुरू कर देकर मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी दोनों की रिपोर्ट पर काउंटर प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

# रजक समाज ने समाजसेवियों का मनोबल बढ़ाने के लिए किया स्नेह मिलन समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



रजक समाज के सर्वोच्च संगठन रजक पर्सनल लॉ बोर्ड के तत्वावधान में रविवार को अनुभाग स्तरीय स्नेह मिलन सत्कार समारोह का आयोजन किया। यह समारोह इटारसी के एलआईसी ऑफिस के पास स्थित ईश्वर रेस्टोरेंट में प्रातः 11 बजे से 12 बजे तक आयोजित हुआ।

आयोजन का उद्देश्य और मुख्य अतिथि इस कार्यक्रम का आयोजन समाज सेवियों के सम्मान और उन्हें प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से किया गया था। समारोह में नगर पालिका अध्यक्ष, माननीय पंकज चौरे जी, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि पंकज चौरे ने इस आयोजन की जमकर सराहना करते हुए कहा, यह आयोजन समाज सेवियों का मनोबल बढ़ाता है और समाज के विकास के लिए आगे कार्य करने की प्रेरणा देता है। आयोजकों ने जताया आभार कार्यक्रम के समापन पर, रजक समाज के पदाधिकारियों ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी समाज सेवियों का आभार व्यक्त किया। आयोजक राजकुमार मालवीय राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, रजक पर्सनल लॉ बोर्ड, मध्य प्रदेश प्रभारी, अशोक मालवीय जिला अध्यक्ष, मनोज मालवीय समाजसेवी ने सभी समाजसेवियों जनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके सहयोग से ही यह आयोजन सफल रहा और समाज को गौरव मिला।

# मां नर्मदा कैंपस में खेल महोत्सव का उल्लास, बच्चों ने दिखाए खेल कौशल

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



नगर के मां नर्मदा स्कूल कैंपस में हाल ही में बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ खेल महोत्सव का सफल आयोजन किया गया। शुभारंभ मुख्य अतिथि मां नर्मदा महाविद्यालय के संचालक दीपक अग्रवाल और श्रीमती अनिता अग्रवाल, उप प्राचार्य सुश्री साक्षी भारद्वाज की उपस्थिति में हुआ। शिक्षिकाओं के नेतृत्व में स्कूल के बच्चों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। शुरुआत माता सरस्वती की पूजा-अर्चना, दीप प्रज्वलन और मशाल जलाकर की गई। इसके बाद, बच्चों ने आकर्षक मार्च पास्ट किया और शारीरिक शिक्षा (पीटी) का प्रदर्शन प्रस्तुत किया। खेल प्रतियोगिताओं में नर्सरी से लेकर कक्षा सातवीं तक के सभी बच्चों ने उत्साह से भाग लिया।

**मुख्य प्रतियोगिताएं छोटे बच्चों के लिए:** रैबिट रेस, बैलेंस कप रेस, बैलून रेस, पिक द बॉल, अन्य रेस सिंपल रेस, रन कलेक्ट रन, बैलेंसिंग बॉल रेस, वेयर आई कार्ड एंड ग्लव्स रेस, लेमन स्पून रेस, तीन लेग रेस, हर्डल रेस, रिले रेस, दो मीटर और सौ मीटर रेस, और मैथ्स रेस हुईं। विजेता बच्चों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मैडल प्रदान किए गए। समापन पर, महाविद्यालय के संचालक दीपक अग्रवाल ने सभी बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

### जनवरी में मिलेगा अत्याधुनिक पार्क

# नपाध्यक्ष पंकज चौरे ने लिया विकास कार्यों का जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



शहर के विकास को गति देने के उद्देश्य से, नपाध्यक्ष पंकज चौरे ने शहर के तीन वार्डों 2, 6, और 33 में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों का सघन निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों और संबंधित ठेकेदारों को कार्य की उत्कृष्ट गुणवत्ता बनाए रखने और निर्धारित समयसीमा के भीतर कार्यों को पूरा करने के लिए तेजी लाने के सख्त निर्देश दिए।

**वार्ड 2 :** जल निकासी को सुदृढ़ करने पर बलअध्यक्ष चौरे ने उपाध्यक्ष निर्मल सिंह राजपूत के साथ वार्ड 2 में लगभग 100 मीटर लंबी नाली के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया।

**सकारात्मक पहल :** जल जमाव की समस्या को जड़ से खत्म करने के लिए, अध्यक्ष ने विशेष रूप से ठेकेदार को नाली के ढलान को वैज्ञानिक ढंग से और बिल्कुल सही बनाने के सख्त निर्देश दिए।

यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि नाली में पानी का बहाव निर्बाध रूप से हो, जिससे क्षेत्र के निवासियों को जलभराव से मुक्ति मिल सके।

**वार्ड 6:** जन आकांक्षाओं को प्राथमिकतावार्ड 6 में, पार्षद जिमी केतवास के साथ, अध्यक्ष ने 200 मीटर लंबी नाली के निर्माण का जायजा लिया।

**जन संवाद :** इस दौरान स्थानीय नागरिकों ने अध्यक्ष से काम को शीघ्र पूरा करने की मांग की, जिस पर अध्यक्ष ने सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए निर्माण एजेंसी को तुरंत कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया।

**वार्ड 33 :** अत्याधुनिक पार्क का निर्माणपार्षद प्रतिनिधि रमेश धूरिया की उपस्थिति में, अध्यक्ष चौरे ने अमृत 2.0 योजना के तहत वार्ड 33 में बन रहे अत्याधुनिक पार्क के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया।

**मील का पत्थर :** अध्यक्ष ने स्पष्ट निर्देश दिया कि पार्क का निर्माण कार्य तेजी और उच्च मानकों के साथ पूरा किया जाए, जिससे इसे जनवरी 2025 में शहर की जनता को समर्पित किया जा सके। यह नया पार्क क्षेत्र के बच्चों, बुजुर्गों और युवाओं के लिए एक स्वस्थ और सुंदर वातावरण प्रदान करने की दिशा में एक बड़ा कदम साबित होगा।

# तहसीलदार ने किया मेहरागांव में एसआईआर कार्य का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

एसआईआर कार्य के तहत तहसीलदार ने ग्राम पंचायत मेहरागांव स्थित शासकीय माध्यमिक विद्यालय का दौरा किया और कार्य की गहन समीक्षा की। समीक्षा के दौरान, तहसीलदार और स्थानीय टीम ने सहकार्य को और अधिक बढ़ाने तथा समस्याओं का समाधान करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर, स्थानीय पंच फारुख ने अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा की। उन्होंने वर्ष 2003 के रिकॉर्ड न मिलने वाले मामलों को लेकर अधिकारियों का ध्यान आकर्षित किया। निरीक्षण और चर्चा के दौरान, नया यार्ड क्षेत्र के गणमान्य नागरिक भी मौजूद रहे, जिन्होंने अधिकारियों को स्थानीय स्थिति से अवगत कराया।

## सांसद खेल महोत्सव के तहत दौड़, कूद व रस्साकसी प्रतियोगिता संपन्न

# 800 मीटर दौड़ में दीपक प्रथम, दूसरे पर तन्मय, लंबीकूद में मनीष प्रथम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

सांसद खेल महोत्सव के तहत हरदा खिरकिया विधानसभा स्तरीय प्रतियोगिता अंतर्गत रविवार को नेहरू स्टेडियम हरदा में एथलेटिक्स एवं रस्साकसी प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता का शुभारंभ ब्लॉक समन्वयक सलमा खान, क्रीड़ा अधिकारी रामनिवास जाट, जिला खेल प्रशिक्षक मोनिका मेहता, ब्लॉक समन्वयक संदीप जाट, एथलेटिक्स कोच रोनित राठौर ने मैदान की पूजन कर किया। ब्लॉक समन्वयक सलमा खान ने बताया कि रस्साकसी में 7 टीम बालक बालिका वर्ग में शामिल हुई एवं एथलेटिक्स में 300 खिलाड़ियों ने भाग लिया। रस्साकसी बालिका वर्ग में प्रथम स्थान बालिका छात्रावास हरदा, दूसरा स्थान शास उत्कृष्ट विद्यालय हरदा तथा तीसरा स्थान कन्या शाला हरदा की बालिकाओं ने प्राप्त किया।

बालक वर्ग में प्रथम स्थान ग्राम नीमगांव, दूसरा स्थान शास डिग्री कॉलेज हरदा व तीसरा स्थान बालक उत्कृष्ट छात्रावास हरदा ने प्राप्त किया। एथलेटिक्स बालक वर्ग 100 मीटर में प्रथम स्थान फाजिल खान, दूसरा स्थान पवित्र परासर व तीसरा स्थान रोशन वैष्णव ने प्राप्त किया। इसी प्रकार 200 मीटर में प्रथम स्थान तन्मय झिंझोरे, दूसरा स्थान वसंत माणिक व तीसरा स्थान हर्षवर्धन शुक्ला तथा 400 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान मेहरबान चौहान, दूसरा स्थान फाजिल खान व तीसरा स्थान विनायक ने प्राप्त किया। इसी तरह 800 मीटर दौड में प्रथम स्थान दीपक राजपूत, दूसरा स्थान तन्मय झिंझोरे व तीसरा स्थान गोविंद भार्गव तथा 1500 मीटर में प्रथम स्थान पंकज उइके, दूसरा स्थान दीपक राजपूत व तीसरा स्थान गोविंद भार्गव ने प्राप्त किया। सुश्री खान ने बताया कि लंबीकूद में प्रथम स्थान मनीष कासदे, दूसरा पवित्र पारासर व तीसरा स्थान अभिषेक चाकरदे, गोला फेंक में प्रथम स्थान रोनित राठौर, दूसरा स्थान धर्मेंद्र बचनिया व तीसरा स्थान बालकृष्ण, भाला फेंक में प्रथम स्थान नितेश, दूसरा स्थान मनीष कासदे व तीसरा स्थान बालकृष्ण मक्राम ने प्राप्त किया। बालिका वर्ग 100 मीटर में प्रथम स्थान आयुषी राठौर, दूसरा स्थान रजनी कलम व तीसरा स्थान रिद्धि चौधरी, 200 मीटर में प्रथम स्थान कल्पना कलम, दूसरा स्थान रजनी कलमें व तीसरा स्थान कनक मालवीय, 400 मीटर में प्रथम स्थान गौरी यादव, दूसरा स्थान रजनी कलमें व तीसरा स्थान कल्पना कलम, 800 मीटर में प्रथम स्थान आयुषी जात्रे, दूसरा स्थान रजनी कलम व तीसरा स्थान रघुमा खातून तथा 1500 मीटर में प्रथम स्थान अंजली चावल, दूसरा स्थान रघुमा खातून व तीसरा स्थान पूजा उइके ने प्राप्त किया।

इसी प्रकार लंबीकूद में प्रथम स्थान कनक सोलंकी, दूसरा स्थान रजनी कलमें व तीसरा स्थान रिया कलम, गोला फेंक में प्रथम स्थान कनक सोलंकी, दूसरा स्थान रजनी कलमें व तीसरा स्थान दीक्षा श्रीवास ने प्राप्त किया।

सांसद खेल महोत्सव के तहत शनिवार को हरदा खिरकिया विधानसभा स्तरीय कब्बड्डी एवं पिट्टू प्रतियोगिता आयोजित की गई। कबड्डी में हरदा एवं खिरकिया क्षेत्र से हंडिया, नयापूरा, खेड़ा, सोनतालाई, मांदला, खिरकिया, मसनगांव, शास महात्मा गांधी, शास उत्कृष्ट विद्यालय हरदा, शास नगरपालिका स्कूल हरदा, शासकीय कन्या शाला, सनफ्लॉवर स्कूल हरदा, इंपीरियल पब्लिक स्कूल खिरकिया, चारूवा, हरदा डिग्री कॉलेज हरदा, हरदा वांडर्स हरदा, कुंजरगांव, कायागांव, मां राजरानी क्लब हरदा, छीपाबड़, मगरधा, बालगांव की 29 टीम एवं पिट्टू की 7 टीम के लगभग 450 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला अध्यक्ष भाजपा राजेश वर्मा, जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ अधिकारी डॉ.एच. पी. सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी डी. एस. रघुवंशी, डीपीसी बलवंत पटेल, गिरिजा शंकर राजपुत, रामनिवास जाट, बसंत राजपूत, सौरभ तिवारी ने खिलाड़ियों परिचय किया। जिला अध्यक्ष भाजपा श्री वर्मा ने टॉस कर कबड्डी मैच प्रारंभ किया। ब्लॉक समन्वयक सलमा खान ने बताया कि पिट्टू प्रतियोगिता बालक वर्ग में प्रथम स्थान पर डिग्री कॉलेज हरदा, द्वितीय स्थान पर खिरकिया व तीसरा स्थान ग्राम मगरधा रहा। बालिका में प्रथम स्थान हरदा आदर्श कॉलेज हरदा व दूसरा स्थान मगरधा ने प्राप्त किया। कबड्डी बालिका वर्ग में प्रथम स्थान मां राजरानी क्लब हरदा, दूसरा स्थान शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय हरदा व तीसरा स्थान कन्या शाला हरदा ने प्राप्त किया। सुश्री खान ने बताया कि बालक वर्ग में 24 टीम शामिल हुई। सभी ने अपने नाक आऊट मैच खेले। प्रथम सेमीफाइनल मां राजरानी क्लब हरदा विरुद्ध मारुति फिजिकल अकादमी ए टीम तथा दूसरा सेमीफाइनल मैच ग्राम रेलबा विरुद्ध मारुति फिजिकल अकादमी बी टिम के मध्य हुआ। फाइनल मुकाबला फिजिकल अकादमी ए टीम विरुद्ध मारुति फिजिकल अकादमी बी टिम के मध्य हुआ। फिजिकल अकादमी बी टीम ने 25 अंक जबकि ए टीम ने 23 अंक अर्जित किए। इस प्रकार बी टिम विजेता तथा ए टीम उपविजेता रही।

## राज्य शिक्षक संघ ने ज्ञापन सौंपा

# नियुक्ति से वरिष्ठता बहाली व ई-अटेंडेंस प्रणाली को बंद करें



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा।

राज्य शिक्षक संघ मध्यप्रदेश की ब्लॉक इकाई ने रविवार को मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन एसडीएम अशोक कुमार डेहरिया को दिया गया। इसमें शिक्षकों ने नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता बहाली और ई-अटेंडेंस प्रणाली को बंद करने की मांग की है। शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष रामनिवास जाट ने ई-अटेंडेंस प्रणाली से शिक्षकों को हो रही परेशानियों पर बताया कि शिक्षक दूरदराज के गांवों से आते-जाते हैं, जहां निवास की व्यवस्था नहीं है। इससे उन्हें समय पर स्कूल पहुंचने में कठिनाई होती है। शिक्षकों को बीएलओ, डाक वितरण, जानकारी भेजने और परीक्षा ड्यूटी जैसे कई गैर-शैक्षणिक कार्य भी करने पड़ते हैं। ऐसे में समय पर स्कूल परिसर पहुंचकर ई-अटेंडेंस लगाना मुश्किल हो जाता है। ग्रामीण क्षेत्रों में बारिश, नदी-नाले और खराब मौसम के कारण स्कूल पहुंचना चुनौतीपूर्ण होता है, और अक्सर इंटरनेट की सुविधा भी उपलब्ध नहीं होती। समय पर ई-अटेंडेंस न लगाने पर हाफ-डे का अवकाश काटा जाता है या अनुपस्थिति मानी जाती है, जो कि गलत है। उन्होंने तर्क दिया कि यह व्यवस्था अन्य विभागों में लागू नहीं है और सिर्फ शिक्षकों पर इसे थोपना पक्षपातपूर्ण है। यह नियम टीचर्स के मनोबल को तोड़ता है, सौतेला व्यवहार दर्शाता है और मानवीय गरिमा का अपमान है। मुख्यमंत्री ई-अटेंडेंस की अनिवार्यता तत्काल निरस्त करें। इस दौरान टीचर दीपक सोनी, विनोद खुरसंगे, देवीलाल विश्वकर्मा, नरेश कुमार विश्वकर्मा, ललित मिश्रा, कुंदन लाल साहू, कुंवर सिंह कुशवाहा, अजय पाराशर, महेश नागराज, गोपाल शर्मा, शिवदान सिंह अटकवार और देवेश्वर जाटव सहित कई शिक्षक मौजूद रहे।

## बैठक आयोजित कर की गई चर्चा

# जिला पंचायत सीईओ जोसेफ ने एक बगिया मां के नाम योजना में गति लाने दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंजलि जोसेफ ने मध्यप्रदेश दीनदयाल अंत्योदय योजना, ग्रामीण आजीविका मिशन के मैदानी अमले एवं कृषि सखी की बैठक आयोजित कर एक बगिया मां के नाम के कार्यों में गति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कृषि सखियों से चर्चा के दौरान कहा कि जिले में अधिक से अधिक हितग्राहियों से संपर्क कर पात्र हितग्राहियों का चयन किया जाए।

उन्होंने जिला परियोजना प्रबंधक रामनिवास कालेश्वर व जिला प्रबंधक राधेश्याम जाट को खिरकिया विकासखण्ड में योजना के कार्यों को गति लाने हेतु निर्देश दिए। इसी क्रम मे जिला परियोजन प्रबंधक कालेश्वर ने शनिवार को खिरकिया विकासखण्ड में कृषि सखियों की बैठक आयोजित कर एवं मुहाल कला ग्राम का भ्रमण कर मां की बगिया के कार्यों को देखा। उन्होने टिमरनी विकासखंड में कृषि सखीयों की बैठक कर योजना के कार्यों में गति लाने हेतु कार्य योजना तैयार की।

# सड़क हादसे में चालक घायल उपचार जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

शनिवार शाम को इंदौर-बैतूल हाईवे पर हुए एक सड़क हादसे में एक ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे एम्बुलेंस से जिला अस्पताल लाया गया, जहां उसका उपचार जारी है। जानकारी के अनुसार, घायल ट्रक चालक की पहचान भोपाल के अशोका गार्डन निवासी आशिक (पिता हाजी शहादत, उम्र करीब 45 साल) के रूप में हुई है। वह अपने हेल्पर छोटू कोरी के साथ गाडरवाड़ा से धान लेकर हरदा आया था। हरदा में धान खाली करने के बाद उसे मक्का भरने के लिए टिमरनी मंडी जाना था। हरदा से टिमरनी जाते समय हाईवे पर पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार पिकअप गाड़ी ने ट्रक की ड्राइवर साइड में टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में ट्रक चालक के सिर में गंभीर चोटें आई हैं, जबकि हेल्पर सुरक्षित है।

## किसान संघ का प्रतिनिधि मंडल निराश होकर लौटा

# बिंजलवाड़ा परियोजनाः विद्युत टावरों में तार कसने का 21 किसान कर रहे विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झिरन्या

बहुप्रतीक्षित बिंजलवाड़ा सिंचाई परियोजना की 132 केवी विद्युत लाइन के तार कसने के मामला 21 किसानों के विरोध के चलते फिलहाल सुलझने के आसार नहीं हैं। शनिवार को सुलह-समझाइश की कोशिश करने उनके गाँव पहुंचे किसान संघ और किसान-प्रतिनिधियों को निराश ही वापस लौटना पड़ा है। इनमें श्यामसिंह पंवार मालखेडा, गजानन बांके एवं धर्मेन्द्र वटानिया कालधा, नितेशसिंह मोर्य नरगाँव, देवराम मालवीय सिराली, दशरथ पटेल शाल्या, विजय चौधरी बडूद आदि थे। उल्लेखनीय है कि परियोजना से लाभान्वित क्षेत्रों के ही ग्राम बगदा बुजुर्ग, बगदा खुर्द और गोराडिया के 21 किसान तार कसने नहीं दे रहें हैं। उनके द्वारा करीब 65 लाख रुपये की मुआवजा राशि की मांग की जा रही है।

फलस्वरूप संघ के प्रतिनिधि सुलह-समझाइश के लिए उनके गाँव पहुंचे थे और उन्हें भी निराश ही लौटना पडा है। इस प्रतिनिधि मंडल में विभागीय कार्यपालन यंत्री सीबी टटवाल भी शामिल थे। बताया जाता है कि उक्त किसानों को टावर लगाने की मुआवजा-राशि दी जा चुकी है और अब फसल-क्षति की राशि दी जाना प्रस्तावित है,जो शासकीय मापदंडों के अनुसार करीब 3 लाख रूपये है। किसान प्रतितिनिधियों ने उन्हें राशि में वृद्धि कर भुगतान कराने का सुझाव दिया गया,लेकिन लगभग सभी किसानों ने इसे मानने से इनकार कर दिया। इनमें से प्रत्येक किसान करीब रू.3 लाख से लेकर रू.10,15 लाख तक की मांग कर रहें हैं।

इन किसानों में धुंदाबाई पत्नी हगरिया, लोकेंद्र-महेश, अनोकचंद-शोभाराम, लोकेंद्र, गणपत-सालकराम गुर्जर, रवीन्द्र-जगननाथ गुर्जर, रितेश-रमेश पटेल, दयाराम, कालू, बेनीराम कनवा, श्रीचंद कनवा, रूपनारायण-केसरीलाल, संजय पटेल, दीपक-दुलीचंद पटेल, हिरदाराम पुत्र केशव कण्वा, जितेंद्र पुत्र कड़वा, गोपाल कानूनगो, मोहन पुत्र गंगाराम पुनसिया, हरेराम पुत्र गजानंद पुनसिया, मोहन पिता गंगाराम पुनसिया आदि हैं। जीवीपीआर इंजीनियरिंग, हैदराबाद के महाप्रबंधक रघु कारमीला ने बताया कि तार कसने के बाद पम्प हाउस क्रमांक 2 से 19252.2 हेक्टर कृषि भूमि सिंचित हो सकेगी। जबकि पम्प हाउस क्रमांक 3,4 एवं 5 से के इस रबी सीजन में करीब 20,25 हजार हेक्टर भूमि सिंचित हो सकेगी।

## आर्यन ग्रुप की पहल लोगों ने सराही

# नेहरू पार्क में किया गया बचपन की मस्ती कार्यक्रम का आयोजन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

खो खो, रस्साकशी, पिट्ठू गरम, रस्सी कूदना, सात पत्थर जैसे खेलकर पचपन की उम्र के लोगों ने बचपन सा आनंद लिया। लायंस क्लब और आर्यन ग्रुप के द्वारा हरदा के नेहरू पार्क में सुबह 7 से 9 बजे तक आयोजित कार्यक्रम बचपन की मस्ती में बचपन सा आनंद सभी वर्ग के लोगो ने उठाया। आयोजक राम नेमा ने बताया आज के आधुनिक परिवेश में स्वयं के लिए समय निकालना बहुत बड़ी बात हो गई है। सोशल मीडिया की दुनिया ने लोगों को मोबाइल तक सीमित रखा है। कुछ पल खुलकर जिए इसी उद्देश्य से इस तरह का आयोजन नेहरू पार्क में किया गया। जिसमें सभी वर्ग के लोगों ने अपनी सहभागिता देकर बचपन के गमों को खेल कर अलग ही आनंद उठाया। हरदा के कमल बांगड़, सरगम जैन, डॉ सुमित मोढ की गुड मॉर्निंग टीम ने इस तरह के आयोजन की प्रशंसा की। कार्यकम के दौरान सुदीप मिश्रा, हेमंत मालवी, नरेंद्र ओनकर, कपिल यादव , मादीक रूनवाल, नवीन राठौर ने सदाबहार गीतों को गुनगुनाया खेलो का संचालन लायंस अध्यक्ष अंजू भायरे द्वारा किया गया।

## गुरु दत्तात्रेय भगवान की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई

# पूजा-अर्चना कर नया भगवा ध्वज फहराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

दशनाम गोस्वामी समाज ने रविवार को अपने आराध्य देव गुरु दत्तात्रेय भगवान की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई। इस अवसर पर गुर्जर बोर्डिंग में आयोजित समारोह में समाजजनों ने पूजा-अर्चना की और नया भगवा ध्वज फहराया, जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया। जिलाध्यक्ष रामकृष्ण गोस्वामी ने बताया कि पूजा के बाद समाज के संतों के नेतृत्व में शहर में शोभायात्रा निकाली गई।

गुर्जर छात्रावास में आयोजित कार्यक्रम के दौरान समाज के प्रतिभावान बच्चों और समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेंद्र गिरी गोस्वामी ने कहा कि शिक्षा और संस्कार के बिना व्यक्ति के सफल जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार देने का आग्रह किया और युवाओं से समाज में शिक्षा के विकास और कुरीतियों के उन्मूलन के लिए कार्य करने का आह्वान किया।

### शिक्षा को आत्मसात कीजिए

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने यह भी कहा कि भगवान दत्तात्रेय जी की शिक्षाओं को समाज के हर व्यक्ति को आत्मसात कर जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया है। उन्होंने बताया कि यह जयंती समारोह न सिर्फ एक धार्मिक परंपरा का प्रतीक है, बल्कि स्थानीय समुदाय में सामाजिक और सांस्कृतिक समर्पण का भी परिचायक है। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेंद्र गिरि (पूर्व मंत्री, म.प्र. शासन), राष्ट्रीय संयोजक रुपेश गिरि और कार्यक्रम अध्यक्ष महंत भरतगिरी उपस्थित रहे। विशेष अतिथियों में राजेश गिरी (राष्ट्रीय महासचिव, भोजपुर), महेश पुरी (राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष)। संतोष यति (राष्ट्रीय प्रवक्ता), शिवानंद भारती (थानापति भुसावल), शंभू गिरी (प्रदेशाध्यक्ष), विनोद भारती (प्रदेश महासचिव), मोहन पुरी गोस्वामी, बबल भारती (प्रदेश उपाध्यक्ष युवा), गोकुल भारती और मुकेश गोस्वामी (जिलाध्यक्ष देवास) सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे।

## ओवर ब्रिज निर्माण कार्य जल्द शुरू होने के आसार

# अधिकारियों ने प्रस्तावित ब्रिज के एलाइनमेंट का इंस्पेक्शन कर निर्माण की संभावनाएं तलाशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिरकिया

रविवार को ब्रिज कारपोरेशन के एसी प्रवीण निगम और ई आत्माराम मोरे ने खिरकिया रेलवे ओवर ब्रिज के स्थान का निरीक्षण किया । अधिकारियों द्वारा प्रस्तावित ब्रिज के एलाइनमेंट का इंस्पेक्शन किया एवं निर्माण की संभावनाएं तलाशी । मिली जानकारी के अनुसार दोनों अधिकारी आने वाले दोनों में अपनी जांच रिपोर्ट सममिट करेंगे इसके बाद निर्माण शुरू कब होगा इस संबंध में आगे की कार्रवाई शुरू होगी । अधिकारियों द्वारा बाड़ी मैदान से प्रस्तावित ओवर ब्रिज के स्थान , रेलवे गेट और अंडर पास तीन स्थानों का निरीक्षण किया गया ।

ब्रिज कारपोरेशन के एसडीओ गिरीश हिंगवे भी इस दौरान उपस्थित थे । गौरतलब है कि लंबे समय से खिरकिया रेलवे ओवर ब्रिज के निर्माण के शुरू होने का इंतजार शहर के नागरिक एवं आसपास के ग्रामीण कर रहे हैं । ओवर ब्रिज ना होने के कारण रोजाना हजारों की संख्या में आम नागरिकों एवं ग्रामीणों को रेलवे गेट बंद होने की स्थिति में आवागमन में बेहद दिक्कतों का सामना करना पड़ता है ।



### 56 करोड़ रुपए की लागत से बनेगा रेलवे ओवरब्रिज

लंबे समय से बार-बार रेलवे गेट बंद होने के कारण वाहन चालकों को आवागमन शुरू होने का लंबे समय तक इंतजार करना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी सुबह और शाम को हो रही है। इस दिनों में हटाए जाना है। नगर के मुख्य मार्ग पर जहां ओवर ब्रिज का एप्रोच मार्ग शुरू होना है वहां पर निशान लगाने की कार्रवाई भी शुरू हो गई है। टेंडर संबंधित प्रक्रिया पहले ही पूरी हो गई है।

### सुबह-शाम रहता है सबसे ज्यादा ट्रैफिक

शहर को दो हिस्सों दौरान रेलवे गेट के दोनों ओर वाहनों की लंबी लाइन लग जाती है। नागरिकों की सबसे महत्वपूर्ण और लंबे समय से की जा रही मांग अब भी पूरी होने जा रही है। रेलवे गेट के दोनों ओर वाहन चालकों को लंबे समय तक इंतजार करना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी सुबह 9 से दोपहर 12 और शाम 5 से रात 8 बजे तक आ रही है। इस दौरान रेलवे गेट बार-बार बंद होता है। इससे गेट के दोनों ओर वाहनों की लंबी लंबी लाइन लगने से जाम लगता है। आम नागरिक भी परेशान होते है। शहर की मुख्य सड़क पर यातायात का दबाव भी लगातार बना रहता है। शहर समेत आसपास से बड़ी संख्या में ग्रामीण खिरकिया खरीदी के लिए आते है। एंबुलेंस से लेकर स्कूल बसें रेलवे गेट बंद होने की स्थिति में रोजाना घंटो तक जाम में फंसती है । प्राथमिक तौर पर 56 करोड़ रुपए की लागत से ओवरब्रिज का निर्माण शहर में होना है, ताकि बार-बार गेट बंद होने की परेशानी से आम नागरिकों को निजात मिल सके।

### इनका कहना है

रविवार को वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा प्रस्तावित ब्रिज के एलाइनमेंट का इंस्पेक्शन किया है रिपोर्ट सममिट करेंगे , इसके बाद आगे की कार्रवाई शुरू होगी ।

गिरीश हिंगवे एसडीओ, ब्रिज कारपोरेशन